श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाऐं) द्वारा निदेशक, यूपीनेडा से बैठक के सम्बन्ध में

श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाऐं), एनएचपीसी लिमिटेड ने दिनांक 23.02.2021 को लखनऊ दौरे के मध्य श्री भवानी सिंह खंगारोत (आई.ए.एस.), निदेशक, यूपीनेडा से मुलाकात की | बैठक के दौरान निदेशक (परियोजनाऐं) महोदय ने निदेशक, यूपीनेडा से एनएचपीसी व बीएसयूएल द्वारा उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित सोलर प्रोजेक्ट/ पार्क की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की |

श्री भवानी सिंह खंगारोत (आई.ए.एस.), निदेशक, यूपीनेडा को पुष्प गुच्छ भेंट करते श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाऐं)

निदेशक (परियोजनाऐं) महोदय ने एनएचपीसी द्वारा प्रस्तावित 500 मेगावाट देवरिया सोलर पार्क तथा बीएसयूएल द्वारा प्रस्तावित परियोजनायें यथा 1200 मेगावाट जालौन सोलर पार्क, 65 मेगावाट कालपी, 100 मेगावाट मिर्ज़ापुर, 45 मेगावाट माधवगढ़ व अन्य पर वर्तमान प्रगति से निदेशक, यूपीनेडा को अवगत कराया तथा भूमि सम्बन्धी आवश्यकताओं को यूपीनेडा द्वारा शीघ्र निपटारे हेतु आग्रह किया | निदेशक, यूपीनेडा ने सौर ऊर्जा की परियोजनाओं को गति एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया | उक्त बैठक में श्री मनीष सहाय, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल भी मौजूद थे।

निदेशक, यूपीनेडा के साथ परिचर्चा

--xxxxxx---